## सार-समाचार

### बेटियों के लिए वात्सल्य धाम का नवाचार

**रानीवाडा**, (निसं)। स्वामी श्री आत्मानंद सेवा संस्थान वात्सल्यधाम रानीवाडा की और से जालोर सिरोही व पाली तीन जिलो की राजपुरोहित समाज की प्रतिभावान बेटियों का प्रतिभा सम्मान समारोह और कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन रविवार को यु.आर गर्ल्स कॉलेज आजोदर रानीवाडा में होगा। वही शुक्रवार को आयोजकों की और से कार्यक्रम की तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया। आयोजकों के द्वारा होनहार प्रतिभाओं को पीले चावल देकर इस बालिका प्रतिभा सम्मान समारोह में आने का न्योता दिया गया। कार्यक्रम में राजपुरोहित समाज की जालोर सिरोही व पाली जिले की प्रतिभावान बेटिया जिन्होंने इस वर्ष कक्षा 10 वी और 12 वी में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए है। राजपुरोहित समाज की राजकीय सेवा में नव चयनित बेटियों के साथ राज्य और नेशनल लेवल पर खेलने वाली 325 बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। कैरियर गाइडेंस सेमिनार में अंतर्राष्टीय खिलाडी एशिया पेसिफिक ओलंपिक खेल में भारत की स्वर्ण पदक विजेता,चंद्रकांता राजपुरोहित दिल्ली रानी स्टेशन पाली बीडीओ नारायण सिंह राजपुरोहित, राजस्थान तहसीलदार सेवा की अधिकारी डॉ.भावना राजपुरोहित ,महिला अधिकारीता विभाग सिरोही की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास डॉ.गणपत सिंह राजपुरोहित डॉ.विनीता राजपुरोहित विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग प्रबन्धन मंडल की सदस्य मोहनलाल सुखाडयि विश्वविद्यालय, उदयपुर सहित कई वक्ता बलिकाओं को सफलता के टिप्स देंगे। कार्यक्रम संस्थान के प्रधान सरक्षक दंडी स्वामी देवानंद जी सरस्वती महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। संस्थान निदेशक अमृत पुरोहित ने बताया कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की गई है। कार्यक्रम राजपुरोहित समाज के प्रतिष्ठित भामाशाह मणीभाई राजपुरोहित अहमदाबाद,आबूराज के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाली बालिकाओ के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था रखी गई है। सुदूरवर्ती इलाके से पहले दिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाली बेटियों के लिए ठहरने और भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। उन्होंने बताया कि जालोर सिरोही पाली तीन जिलों की राजपुरोहित समाज की कुल 325 होनहार बेटियों को सम्मानित किया जाएगा।

### बासन में नेत्र जांच शिविर संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट ग्राम पंचायत बासन में नव चेतना जागृति फाउंडेशन रेवदर के तत्वावधान में तथा ग्लोबल नेत्र हॉस्पिटल, आबूरोड तलहटी के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अंजली द्वारा मरीजों की जांच की गई। इस दौरान कुल 60 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। जांच के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को सफल ऑपरेशन के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल, आबूरोड के लिए रेफर किया गया। फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा सामान्य स्वास्थ्य के साथ-साथ महिला स्वास्थ्य के विषय में भी जागरूक किया गया। महिलाओं में होने वाली प्रमुख समस्याओं जैसे एनीमिया (खून की कमी), गर्भावस्था के दौरान देखभाल, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण के महत्व पर विशेष जानकारी दी गई। इस शिविर में मलाराम मेघवाल, खीमाराम कोली, हीराराम कोचरिया, लियाकत खां, रफीक कुरेशी, शारदाबेन, पोनी देवी, सुरैया बेन, महेंद्रकुमार सहित गांव के कई जने उपस्थित रहे। ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, पिंटू मेघवाल, राम दिपरा, सुमित्रा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बासन, कोचरिया, खाण, रानाडी एवं आसपास के गांवों से बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया।

### एफआरटी कार्यों में मिलीभगत के आरोप

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में विद्युत विभाग द्वारा फॉल्ट रिपेयर टीम (एफआरटी) के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर गंभीर सवाल खडे हो रहे हैं। सरकार द्वारा लाखों रुपये के टेंडर जारी किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की कमी साफ नजर आ रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार के पास न तो पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं, न ही जरूरी वाहन और उपकरण उपलब्ध हैं। जो कर्मचारी कार्यरत हैं, वे भी तकनीकी रूप से प्रशिक्षित (स्किल्ड) नहीं हैं, जिससे फॉल्ट सुधार कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर घंटों तक समस्या का समाधान नहीं हो पाता, जिससे लोगों में रोष बढता जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा। इसके साथ ही कुछ लोगों ने ठेकेदार और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं। आरोप है कि टेंडर की राशि का दुरुपयोग कर आपसी बंदरबांट की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है। किसान पर्यावरण संरक्षण समिति दिनेश सिंह ने आरोप भी लगाए हैं। कि टेंडर की राशि का दुरुपयोग कर आपसी बंदरबांट की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है।

### जन जागरूकता गतिविधियां जारी

**पोकरण**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान-2026 के तहत पोकरण विधानसभा क्षेत्र में जन-जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी हैं। अभियान के चौथे दिन शुक्रवार को पंचायत समिति भणियाणा की ग्राम पंचायत झलोडा भटियान, दांतल, सरदारसिंह की ढाणी, खींवसर एवं भणियाणा में ग्राम रथ पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया। ग्राम रथ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं नवाचारों की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियों द्वारा दी गई। अभियान के तहत कृषि, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, ऊर्जा, जल संसाधन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। लोक कलाकारों एवं कला-जत्थों ने लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अभियान के दौरान सुझाव पेटिका के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव भी लिए गए, जिससे प्रशासन को जमीनी स्तर की आवश्यकताओं की जानकारी मिल सके। ग्राम रथ अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, जनभागीदारी एवं विकास संवाद का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है।

### पुलिस बनकर ठगा, फर्जी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में फर्जी पुलिस बनकर महिलाओं को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बालोतरा जिले की जसोल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भरत कुमार (खंडावास) को पकड लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को पुलिसकर्मी बताकर सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से संपर्क करता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसों की मांग करता था। बताया जा रहा है कि वह अब तक एक दर्जन से अधिक महिलाओं को अपना शिकार बना चुका था। मामले में पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी को समदडी क्षेत्र के एक होटल में बुलाया, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति से सतर्क रहें और खुद को पुलिस अधिकारी बताने वालों की पहले पुष्टि करें। संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### लोगों ने मोबाइल टॉवर से खतरा बताया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के वार्ड नम्बर 23 के मरुधर नगर के मोहल्लेवासियों ने टेगोर नगर लिंक रोड पर भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास खाली भूखण्ड में लगने जा रहे मोबाइल टॉवर से खतरा बताते हुए आज शुक्रवार को जिला कलेक्टर व आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपकर मोबाइल टॉवर नहीं लगाने की मांग की। इस दौरान युवा नेता ताराचन्द चन्दनानी, अजित लोढा, राकेश लिम्बा, प्रवीण तलेसरा, रमेश व्यास, कल्पेश लोढा, सुनील काँकरिया, दिनेश लोढा, सुरेश बोहरा , महेंद्र सिंह, रोहित चोपड़ा, जसवंत राज सुराणा, पंकज कांठेड़,दिलीप गोयल, सोहनलाल जेन, पिंकी तलेसरा,सीमा चोपड़ा, नीरज काला, गर्वित चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व पुरूष मौजूद थे।

### बाइक स्लीप, घायल युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । झंवर स्थित सेवाला गांव में बाइक चालक की गाड़ी स्लीप हो गई। उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। झंवर पुलिस ने बताया कि न्यू बस्ती पाल बोरानाडा निवासी सूरज परिहार पुत्र मदनलाल मेघवाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

# जोधपुर कलैक्टर आलोक रंजन ने स्व-गणना में भाग लिया

**जोधपुर**, (कासं) । जनगणना 2027 के तहत प्रारंभ हुई स्व-गणना प्रक्रिया के अंतर्गत जिला कलैक्टर आलोक रंजन ने स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर आमजन को इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरते हुए स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण की।

जिला कलैक्टर आलोक रंजन ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया अत्यंत सरल और सहज है। मैंने अभी-अभी अपना पंजीकरण पूरा किया है। इसके लिए केवल पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन करना होता है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्व-गणना के प्रथम चरण में आवास से संबंधित जानकारी भरी जा रही है, जिसमें किसी प्रकार के दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं होती। इस प्रक्रिया में कुल 34 प्रश्न हैं, जो बहुविकल्पीय (बुलेट) स्वरूप में दिए गए हैं, जैसे गैस कनेक्शन का प्रकार, घर का फर्श, छत आदि। इसके साथ ही आवास की लोकेशन को मैप पर चिन्हित करना होता है।

जिला कलैक्टर ने बताया कि जानकारी भरने के पश्चात नागरिकों को एक यूनिक नंबर प्राप्त होगा, जो उनके मोबाइल पर संदेश के रूप में भेजा जाएगा। सोलह मई से जब प्रगणक घर-घर सर्वेक्षण के लिए आएंगे, तब नागरिकों को केवल यह यूनिक नंबर उपलब्ध करवाना होगा। इसके माध्यम से पूरा फॉर्म उनके सिस्टम पर खुल जाएगा, जिसे वे सत्यापित करेंगे।

आवश्यकता पर उस समय भी जानकारी में संशोधन संभव होगा। उन्होंने कहा कि स्व-गणना से प्रगणकों का कार्य सरल होगा और नागरिकों को भी संतोष रहेगा कि उनकी जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज हुई है।

रंजन ने कहा कि जनगणना 2027 पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना है, जो देश की डिजिटल प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनें और स्व-गणना के माध्यम से सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्व-गणना के दौरान ओटीपी घर के मुखिया के मोबाइल नंबर पर प्राप्त होता है, अत: पंजीकरण उसी के माध्यम से किया जाना चाहिए। एक बार जनरेट हुई सेल्फ-एन्युमरेशन आईडी स्थायी रहती है।जिला कलक्टर ने नागरिकों से आठाह किया कि वे 15 मई तक उपलब्ध इस विशेष सुविधा का अधिकतम उपयोग करें तथा राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवम जिला कलैक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण- स्व गणना ( 1 मई से 15 मई )के प्रथम दिवस पोर्टल पर स्वयं द्वारा स्व-गणना प्रपत्र भरा गया। इस अवसर पर उन्होंने इस कार्य मे जिले के सभी लोगो निवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की।

साथ ही जिला जनगणना अधिकारी एवं अति जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण- स्व गणना (01 मई से 15 मई) के प्रथम दिवस पोर्टल पर स्वयं द्वारा स्व-गणना का ऑनलाइन पोर्टल पर भरा गया व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्व-गणना का डाटा भरा।

**जालोर संवाददाता के अनुसार :** जनगणना-2027 के सफल एवं त्रुटिरहित निष्पादन को लेकर जालोर जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों एवं चार्ज जनगणना अधिकारियों (तहसीलदार/ आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी व जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाडा की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाडा ने सभी जनगणना अधिकारियों को राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर प्रभावी मोनिटरिंग एवं स्व-गणना के विकल्प का उपयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया।जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर के उप निदेशक संतोष कुमार ने जनगणना अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण प्रदान कर जनगणना कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान प्रदान किया तथा जनगणना कार्य संबंधी किसी की समस्या के लिये वे कभी भी निदेशालय से सम्पर्क करने की बात कही।

# श्रमिक संगठनों ने जुलूस निकाला, लाल सलाम गूंजा

**जोधपुर**, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों ने जुलूस निकाला। केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तरीय ट्रेड यूनियन संगठनों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए संयुक्त रूप से जुलूस निकाला गया। श्रमिकों में मुख्य रूप से विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, विभागों तथा क्षेत्रों में कार्यरत असंगठित श्रमिक थे जो साधारणतया श्रम कानूनों के तहत विनिर्दिष्ट आठ घंटे काम करने के अधिकार से वंचित है तथा जिनसे नियमों के विपरीत आठ घंटे से अधिक कार्य लिया जाता है।

सभी श्रमिक संगठन व उनसे जुड़े अन्य संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आज सुबह रेलवे स्टेशन रोड़ स्थित नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन के कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां से जुलूस निकाला गया। जुलूस नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन कार्यालय पर झण्डारोहण की रस्म तथा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ आरंभ हुआ। इससे पूर्व केन्द्रीय श्रम संगठनों का एक दल जालोरी गेट स्थित स्व. राधाकृष्ण बोहरा तात् स्मारक पहुंचा व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जुलूस राजरणछोड़दास मंदिर, पुरी तिराहा व नई सडक़ चौराहा होता हुआ मजदूर मैदान पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को वक्ताओं ने सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों को लेकर संबोधित किया। वक्ताओं ने सभा में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में काम के घंटे आठ के अधिकार को सुनिश्चित करने, विनाशकारी आर्थिक नीतियों तथा निजीकरण पर रोक लगाने, सार्वजनिक उपक्रमों पर हमले बंद करने, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधनों को वापस लेने, ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने, केन्द्रीय जांच एजेन्सियों का दुरूपयोग बंद करने, नई पेन्शन योजना वापस लेकर ओपीएस लागू करने सहित श्रमिक समस्याओं के निवारण की मांग की गई ।

दूसरी तरफ मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जोधपुर ऑटो रिक्शा यूनियन, कमठा मजदूर यूनियन, सेनेटरी यूनियन एवं सीआईटीयू यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को राजीव गांधी स्टैच्यू सर्किल, नई सडक़ से द्वारकेश व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली नई सडक़ से होते हुए घंटाघर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा को उमराव खां, द्वारकेश व्यास, शहजाद अली, ताज मोहम्मद, निजामुद्दीन अब्बासी, राजकुमार, मोहम्मद आरिफ, गोपाल किशन, मोइनुद्दीन अब्बासी, कालू, रशीद और गोवर्धन आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

### शिविर लगाया

**फलोदी**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय फलोदी के तत्वावधान में प्रथम स्काउट यूनिट लीडर बेसिक कोर्स शिविर का 27 अप्रैल से जारी है।

फलोदी जिले के सभी ब्लॉक के संभागी, क्रमश: आऊ, घंटियाली, बापिणी, लोहावट, फलोदी, बाप,देचू के शिक्षक इस शिविर सहभागिता कर रहे है। इस शिविर में कुल 115 संभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। नागौर रोड स्थित बिश्नोई छात्रावास में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम बार स्काउट गाइड से जुडने वाले सभी संभागी सात दिवसीय शिविर के दौरान स्काउट की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्काउटिंग कला को सीख रहे है। शिविर का संचालन पवन कुमार पांडर लीडर ट्रेनर स्काउट के द्वारा किया जा रहा है।फलोदी के स्काउट सचिव अरुण कुमार व्यास ने बताया कि शिविर में सहायक संचालक के रूप में किशना राम डारा पूर्व सचिव बाप, भागीरथ गोदारा सचिव बाप, सुनील कुमार बिजारणिया,शैतान सिंह राजपुरोहित सांग सिंह राठौड, अशोक कुमार सोमराज ,करना राम सेवाएं दे रहे हैं।

### पानी के संकट का समाधान मांगा

**जालोर**, (कासं)। जालोर के ग्राम मुडी में पिछले डेढ महीने से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित है और पिछले 15 दिनों से नियमित पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। आरोप है कि विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा निजी व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जिसके चलते पानी की आपूर्ति में भेदभाव किया जा रहा है। गांव के कुछ मोहल्लों में नियमित पानी पहुंच रहा है, जबकि चौधरी वास सहित अन्य इलाकों में 15-20 दिन तक पानी नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि जहां पानी दिया भी जाता है, वहां प्रेशर कम रहता है।

# एम्स जोधपुर में बिना सर्जरी हटाया रेक्टल ट्यूमर

**जोधपुर**, (कासं) । स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एम्स जोधपुर ने राज्य में पहली बार अत्यंत जटिल एंडोस्कोपिक सबम्यूकोसल डिसेक्शन (ईएसडी) प्रक्रिया के माध्यम से 10 गुणा 10 सेमी के बड़े रेक्टल ट्यूमर को एंडोस्कोपिक तरीके से, बिना ओपन सर्जरी के सफलतापूर्वक हटाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष रूप से, यह जटिल प्रक्रिया पूरी तरह से एम्स जोधपुर में की गई है जो मार्डन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल उपचार के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष अठावाल ने बताया कि यह प्रोसिजर लगभग 8 घंटे तक अत्यंत सूक्ष्मता और दक्षता के साथ चला।

यह ऑपरेशन गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा संपन्न किया गया। यह ट्यूमर, जिसे लेटरली स्प्रेडिंग ट्यूमर के रूप में पहचाना गया, रेक्टल दीवार के बड़े हिस्से में फैला हुआ था, जिससे यह एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण मामला बन गया था, जिसके लिए पारंपरिक रूप से पेट का बड़ा आपरेशन करना पड़ता है।

खत्म हुई ओपन सर्जरी की आवश्यकता

डॉ. आशीष अठावाल ने बताया कि गैस्ट्राएंट्रोलॉजी की पारंपरिक उपचार पद्धित से अलग हटकर, टीम ने ईएसडी जैसी उच्च विशेषज्ञता वाली और न्यूनतम इनवेसिव तकनीक का उपयोग करते हुए पूरे ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाया।

इससे न केवल ओपन सर्जरी की आवश्यकता समाप्त हुई, बल्कि अंग संरक्षित रहा, जटिलताएं कम हुईं और रोगी की रिकवरी भी तेज से हो रही हैं।

तेज रिवकरी को देखते हुए उसे जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा।

एम्स कार्यकारी निदेशक डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने जानकारी में इस सफलता के लिए डॉक्टर्स को शुभकानाएं देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अग्रणी बनाने पर बल दिया।

# गंगानाथ महाराज ने अपना स्व-गणना विवरण भरा

**जालोर**, (कासं)। जिले में भैरूनाथ अखाड़ा के महंत गंगानाथ महाराज व ईश्वरनाथ ने शुक्रवार को डिजिटल सुविधा के माध्यम से अपना विवरण भरकर जालोर जिले में स्व गणना की शुरुआत की।

इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर के उप निदेशक संतोष कुमार, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के उप निदेशक किशनसिंह, सांख्यिकी निरीक्षक दिनेश सिंह व नगर परिषद जालोर के सहायक नगर नियोजक बलवीर, रवि सोलंकी, सुरेश सुन्देशा, उपस्थित रहे।

वही जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में जनगणना के लिए 1 से 15 मई तक स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपनी और परिवार की सटीक जानकारी दर्ज करने की अपील की है। जिला कलैक्टर ने स्व-गणना प्रपत्र भरने के बाद जिलेवासियों से इस महाभियान में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देने की अपील की।

उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना से संबंधित है, जिसके अंतर्गत स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके पश्चात् 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना कार्य करेंगे। स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण करने में लगभग 5-10 मिनट का समय लगता है तथा सफल सबमिशन के बाद नागरिकों को एक विशिष्ट एसई आईडी प्राप्त होती है, जिसे प्रगणक को दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी 16 मई से प्रगणक घर-घर आकर आंकड़े जुटाएंगे, लेकिन उससे पहले आमजन स्व-गणना पोर्टल के जरिए खुद अपना प्रपत्र भर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई सही जानकारी ही भारत की भावी विकास नीतियों को बनाने और उनके सटीक क्रियान्वयन का आधार बनेगी। उन्होंने जिलेवासियों से विशेष आग्रह किया कि वे वेबसाइट पर जाकर अपना विवरण अर्ज करने के साथ ही आस-पड़ोस के लोगों का भी मार्गदर्शन करें।

स्व-गणना एक ऐसी डिजिटल सुविधा है, जिसके तहत नागरिक प्रगणक के घर आने से पहले ही इंटरनेट के माध्यम से अपनी जानकारी सरकार तक पहुंचा सकते हैं। इसके लिए जनगणना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। वहां अपने मोबाइल नंबर के जरिए लॉग-इन कर एक आसान सा प्रपत्र (फॉर्म) भरना होगा।

यह सुविधा समय की बचत करने के साथ-साथ आंकड़ों की सटीकता को भी बढ़ाती है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि 16 मई को प्रगणकों का डोर-टू-डोर अभियान शुरू होने से पहले ज्यादा से ज्यादा लोग इस ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाएं। जिला कलक्टर ने जिले के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं गणना करते हुए आमजन को भी उत्साह के साथ जनगणना 2027 में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। वही स्वगणना चरण के दौरान उपयोगकर्ता हेतु मार्गदर्शिका तैयार की गई है। जनगणना के स्वगणना चरण के दौरान आमजन निर्धारित 9 स्टेप पूरे कर स्वगणना पूर्ण कर सकते हैं।जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना-2027 पूर्णत: डिजिटल प्रक्रिया है, जिससे सटीक जानकारी के साथ तेज डेटा प्रसंस्करण और समय की बचत होगी। यह विकसित भारत/2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें तथा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

### मरूधरा प्रतिबद्धता दिवस पर होगा नवाचार

**जोधपुर**, (कासं) । आईआईटी जोधपुर दो मई को अपना प्रथम मरूधरा प्रतिबद्धता दिवस मनाएगी। इस अवसर पर, आईआईटी जोधपुर राज्य की प्रमुख समस्याओं, विशेषकर राजस्थान और मारवाड़ क्षेत्र की जल, ट्रांसपोर्ट, और शहरी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए शोध कार्य प्रस्तुत करेगी। मुख्य सचिव श्रीनिवासन और अन्य उच्च अधिकारियों को इस दौरान आईआईटी जोधपुर द्वारा किए गए शोध कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

आईआईटी जोधपुर निदेशक डॉ. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि आईआईटी जोधपुर ने राजस्थान के जल संकट पर कई शोध कार्य किए हैं, जिनमें अब तक 27 रिसर्च परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इसके साथ ही, शहरी योजनाओं (अर्बन प्लानिंग), ट्रांसपोर्ट, और हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्रों में भी शोध कार्यों के जरिए व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जा रहा है। डॉ. अविनाश अठावाल ने बताया कि बाड़मेर और जैसलमेर में जल संकट और भूजल के खजाने को लेकर गहरे शोध किए जा रहे हैं। जोजरी नदी के प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने वाली समस्या का समाधान करने के लिए आईआईटी जोधपुर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।

# देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की कथा संपन्न

**पोकरण**, (निंस)। पोकरण के साघोलाई स्थित बाबा रामदेवजी के कुल गुरु साघोजी की तपोस्थली, सिद्धेश्वरी सिद्ध पीठ जय सच्चियाय माताजी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का नवें दिन विधिवत पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह व भक्ति भाव देखने को मिला।

कथावाचक पंडित अरुण कृष्ण व्यास ने देवी महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि मां भगवती की आराधना से जीवन में सुख, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों ने हवन कुंड में पूर्ण आहुतियां दी। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।वही कथावाचक पंडित अरुण कृष्ण व्यास सहित पंडितों का आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा स्थल पर आकर्षक झांकियां एवं सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, युवा एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पोकरण साघोलाई स्थित बाबा रामदेवजी के कुल गुरु साघोजी की तपोस्थली, सिद्धेश्वरी सिद्ध पीठ जय सच्चियाय माताजी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का नवें दिन विधिवत पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह व भक्ति भाव देखने को मिला। कथावाचक पंडित अरुण कृष्ण व्यास ने देवी महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि मां भगवती की आराधना से जीवन में सुख, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कथा समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों ने हवन कुंड में पूर्ण आहुतियां दी। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। वही कथावाचक पंडित अरुण कृष्ण व्यास सहित पंडितों का आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया।

भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा स्थल पर आकर्षक झांकियां एवं सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया।

बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, युवा एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट : अस्पताल के लिए नई जमीन आवंटित करेगा जे.डी.ए.

**जोधपुर**, (कासं)। रूरल एम्स के निर्माण के लिए नाडी (वाटर बॉडी) और उसके कैचमेंट एरिया की जमीन आवंटित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ में सुनवाई हुई। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ में रामचंद्र की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान मौजूद जिला कलैक्टर आलोक रंजन और जेडीए कमिश्नर उत्साह चौधरी के साथ इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई कि रूरल एम्स के लिए आवंटित भूमि में जेडीए के नक्शे में दर्शाई गई वाटर बॉडी को संरक्षित करना कैसे संभव हो सकता है।

सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि वाटर बॉडी के कैचमेंट एरिया और ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किए जाने वाले हिस्से को रूरल एम्स के प्रोजेक्ट से बाहर रखा जाएगा। इसके बदले में रूरल एम्स को पास के ही किसी अन्य खसरे में जेडीए की ओर से उतनी ही जमीन आवंटित कर दी जाएगी, ताकि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रोजेक्ट में कोई बाधा न आए। अधिकारियों ने वाटर बॉडी के संरक्षण और एम्स को नई जमीन आवंटित करने की इस योजना का दोबारा परीक्षण (री-एग्जामिन) करने और कोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए कुछ समय मांगा है। इस पर कोर्ट ने समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 मई को तय की है। इससे पहले हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मोतीसिंह ने तर्क दिया था कि रूरल एम्स जैसे राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के लिए नियमों को दरकिनार कर नाडी और उसके कैचमेंट एरिया की जमीन आवंटित नहीं की जा सकती।

राज्य सरकार की ओर से एएजी राजेश पंवार और एएजी एनएस राजपुरोहित ने कोर्ट को बताया था कि आवंटन से पहले जमीन का परीक्षण किया गया था और विवादित नाडी के हिस्से को छोड़ दिया गया था। सरकारी वकीलों का कहना था कि आस-पास अन्य सरकारी जमीन भी उपलब्ध हैं, लेकिन रूरल एम्स के निर्माण के लिए वर्तमान आवंटित जमीन सबसे उपयुक्त है। इन दलीलों के बाद कोर्ट ने जेडीए से पूरे जोन का नक्शा तलब किया था। मामले की अगली सुनवाई 21 मई को तय की है।

# निजी अस्पताल में तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पाल रोड पर निजी अस्पताल में एक महिला की तीन दिन पहले मौत हो गई थी। बाद में गुस्साए परिजन ने अस्पताल के बाहर धरना दिया और फिर काफी समझाइश के बाद धरना समाप्त किया। गुस्साए परिजन की तरफ से अस्पताल परिसर में घुसकर कंप्यूटर सिस्टम के तोड़फोड़ करने और केश काउंटर कार्यरत स्टाफ से मारपीट भी गई। स्टाफ को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। अब स्टाफ की तरफ से देवनगर थाने में राजस्थान चिकित्सा सेवा अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार देवलिया बनाड़ गांव की 50 साल की कंचन कंवर की अस्पताल में तीन दिन पहले ऑपरेशन के बाद में मौत हो गई थी। परिजन और राजपूत समाज के लोगों ने अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन के साथ हंगामा किया था। धरना दो दिन तक चला था। समझाइश के उपरांत धरना समाप्त किया गया था। बाद में शव का एम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया गया था। परिजन की तरफ से देवनगर थाने में परिवाद भी दिया गया था, जिस पर पुलिस की तरफ से जांच जारी है। साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की कमेटी मामले को लेकर जांच भी कर रही है। देवनगर पुलिस ने बताया कि बिरला स्कूल के पास रहने वाले अमित पंडित की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि वह निजी अस्पताल में कैश काउंटर पर कार्य संभालता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नून, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं / 2026-27/191 दिनांक : 01/05/2026

**निविदा सूचना संख्या 02/2026-27**

ग्राम पंचायत नून द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। नून

NIB No.: ZJR2627A0116

UBN No.: ZJR2627WSOB00135

सरपंच / प्रशासक, ग्राम पंचायत नून, पं.स. जालोर (राज.) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नून, पं.स. जालोर (राज.)

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

(अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर-343001)

Tel.- (02973) 222270 E-mail: mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक :- नपजा / राजस्व/2026/784 **आपत्ति विज्ञप्ति** दिनांक :- 01/05/2026

श्री उम्मेद सिंह पुत्र बदरीदानजी, जाति-चारण, निवासी रेल्वे स्टेशन रोड जालोर, तहसील व जिला जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| भूखण्ड का पता | पट्टा संख्या एवं पट्टाधारक का नाम | हस्तांतरण का जरिया | आडौस-पडौस व तुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षे. (व.ग.) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| रेल्वे स्टेशन कॉलोनी जालोर | कार्यालय नगरपालिका जालोर पट्टा विक्रय पत्र सं.-10/1960 दिनांक 04.05.1960 (मालमसिंह पुत्र भोमसिंहजी) | रजिस्टर्ड वसीयत नामा | उत्तर- रास्ता दक्षिण-प्लॉट सं.-75 पूर्व- रास्ता पश्चिम-प्लॉट सं.-76/1 | 299.44 | आवासीय प्लॉट सं.-76/2 |

अतः सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा। अवगत रहें।

आयुक्त नगर परिषद जालोर

